कार्यालय, रजिस्ट्रार, मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद

(M.P. PARAMEDICAL COUNCIL)

(A Statutory Body of the Government of Madhya Pradesh)

तृतीय तल, प्लेटिनम प्लाजा, माता मंदिर रोड, भोपाल

क्रमांक/ एफ-117/ 1880 /2026 भोपाल दिनांक 21/08 /2026

सूचना

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि एक वर्षीय सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम की मुख्य परीक्षा (शैक्षणिक सत्र 2024-25) एवं पूरक परीक्षा (शैक्षणिक सत्र 2023-24) में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा फार्म (Examination Form) भरने की प्रक्रिया परिषद के पोर्टल https://paramedical.mponline.gov.in के माध्यम से **दिनांक 22-09-2026 से 11-10-2026 तक (सामान्य शुल्क 1704/- रूपये पोर्टल शुल्क सहित) एवं दिनांक 12-10-2026 से 21-10-2026 तक (विलंब शुल्क 1999/-रूपये पोर्टल शुल्क सहित)** प्रारंभ की जा रही है। परीक्षा आवेदन पत्र के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश इस सूचना पत्र के (परिशिष्ट-01) पर संलग्न है।

इसी क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मुख्य परीक्षा तथा शैक्षणिक सत्र 2023-24 की पूरक परीक्षा का आयोजन एक साथ एक समय पर माह अक्टूबर-नवंबर 2026 में किया जाना संभावित है। उक्त परीक्षा की **समय-सारणी** (TIME TABLE) पृथक से जारी की जावेगी।

समस्त एक वर्षीय पैरामेडिकल पाठ्यक्रम संचालित संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा फॉर्म भरे जाने की सूचना संस्थान स्तर से छात्र-छात्राओं को प्रदान करना सुनिश्चित करें ताकि समस्त छात्र-छात्राएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर परीक्षा फॉर्म भर सकें तथा आगामी परीक्षा में सम्मिलित हो सकें।

संलग्न:- परीक्षा फॉर्म हेतु दिशा-निर्देश ।

21/8/26

(डॉ. शेलोज जोशी)
रजिस्ट्रार
मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद

क्रमांक/ एफ-117/ /2026 भोपाल दिनांक / /2026

प्रतिलिपि:-

01- निज सचिव, माननीय उप-मुख्यमंत्री महो. मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा एवं पदेन अध्यक्ष मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद, भोपाल

02- निज सहायक, आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा एवं पदेन अध्यक्ष परीक्षा मण्डल, भोपाल।

03- संचालक, नर्सिंग सह-चिकित्सा, सतपुडा भवन, भोपाल।

04- समस्त एक वर्षीय सह-चिकित्सीय पाठ्यक्रम संचालित शासकीय एवं निजी संस्थान, मध्यप्रदेश की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

05- संचालक, एम पी ऑनलाईन लिमिटेड, तृतीय तल, स्टेट आई.टी. पार्क, नियर अब्बास नगर, आरजीपीबी गॉधी नगर जिला-भोपाल की ओर लेख है कि उपरोक्त दिनांक को परीक्षा फॉर्म भरे जाने हेतु सुविधा प्रदान करने का कष्ट करें।

06- सूचना पटल/ परिषद के पोर्टल पर सूचनार्थ।

रजिस्ट्रार
मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद

परिशिष्ट-01

सूचना

एक वर्षीय सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम की मुख्य परीक्षा (शैक्षणिक सत्र 2024-25) एवं पूरक परीक्षा (शैक्षणिक सत्र 2023-24) हेतु परीक्षा फॉर्म भरे जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश।

01.संबंधित संस्था/छात्र परिषद के ऑनलाईन पोर्टल https://paramedical.mponline.gov.in पर जाकर Examination Section अंतर्गत प्रदाय Online Exam form Apply Link के माध्यम से एक वर्षीय सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्र-छात्राओं के परीक्षा फार्म (Exam Form) नामांकन क्रमांक को दर्ज कर एवं निर्धारित शुल्क जमा कर समय सीमा में भरा जावेगा।

परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु निर्धारित तिथि एवं शुल्क निम्नानुसार है:-

i	परीक्षा फॉर्म भरे जाने हेतु सामान्य शुल्क के साथ प्रारंभ तिथि	22.09.2026
ii	परीक्षा फॉर्म भरे जाने हेतु सामान्य शुल्क के साथ अंतिम तिथि	11.10.2026
iii	परीक्षा फॉर्म सामान्य शुल्क	1704/-रूपये (पोर्टल चार्ज सहित)
iv	परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु विलम्ब शुल्क के साथ प्रारंभ तिथि	12.10.2026
v	परीक्षा फॉर्म भरे जाने हेतु विलम्ब शुल्क के साथ अंतिम तिथि	21.10.2026
vi	परीक्षा फार्म विलम्ब शुल्क के साथ	1999/- रूपये (पोर्टल चार्ज सहित)

02.परीक्षा फॉर्म भरे जाने हेतु छात्र-छात्राओं के पास परिषद से जारी ऑनलाईन नामांकन क्रमांक उपलब्ध होना अनिवार्य है। नामांकन नंबर उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में छात्र-छात्राएं संबंधित संस्थान में संपर्क करें।

03.प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं नामांकन नंबर जनरेट के उपरांत परिषद द्वारा लगातार आयोजित होने वाली तीन परीक्षाओं में ही सम्मिलित हो सकेगें।

04.परिषद कार्यालय द्वारा छात्रों के जारी किये गये नामांकन क्रमांक संस्थान की G2G आईडी पर Approved Enrollment Student List में प्रदर्शित होगें।

05.परिषद द्वारा निर्धारित तिथि तक परीक्षा फॉर्म का भुगतान होने की स्थिति में परीक्षा फॉर्म को मान्य किया जावेगा। भुगतान नही होने की स्थिति में छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित नही किया जावेगा जिसकी समस्त जबावदारी छात्र-छात्राओं/संबंधित संस्थान की होगी।

06.छात्र-छात्राओं द्वारा अदा किया गया शुल्क वापसी योग्य नही होगा।

07.परीक्षा फॉर्म भरने से पूर्व संबंधित छात्र व संस्थान यह सुनिश्चित करें की **परीक्षा फॉर्म में दी गई समस्त जानकारी/फोटो सही है अथवा नही।** परीक्षा फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि/फोटो में सुधार करवाये जाने की स्थिति में परीक्षा फॉर्म भरने से पूर्व परिषद कार्यालय को संस्था के माध्यम से सूचित कर आवश्यक सुधार करवाया जाना सुनिश्चित करें। संस्था का संचालन बंद होने की स्थिति में सीधे परिषद कार्यालय में संपर्क करें।

08.परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र में **अंकित फोटो अथवा अन्य आवश्यक जानकारी में त्रुटि पाई जाने पर** संबंधित छात्र-छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किये जाने की स्थिति में समस्त जबावदारी छात्र-छात्रा/संबंधित संस्थान की होगी।

09.सैद्धांतिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होना अनिवार्य है जिसकी पुष्टि संस्थान जी टू जी आई डी के माध्यम से परीक्षा फॉर्म फॉरवर्ड करते समय करेगा। किसी प्रकार की असत्य जानकारी प्रदान किये जाने की स्थिति में समस्त जबावदारी संबंधित संस्थान की होगी।

10.सत्र 2024-25 की मुख्य परीक्षा हेतु प्रथम बार भरे गये परीक्षा फॉर्म संस्थान की जी टू जी आईडी पर प्रदर्शित होंगे जिन्हे संस्थान द्वारा परिषद कार्यालय को **दिनांक 24/10/2026 तक ऑनलाईन के माध्यम से फॉरवर्ड** करना अनिवार्य होगा।

निरंतर पृ.क्र. 02

11.छात्र-छात्राओं के परीक्षा फॉर्म फॉरवर्ड नहीं किये जाने पर यह समझा जाएगा कि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पूर्ण नहीं होने के कारण परीक्षा फॉर्म फॉरवर्ड नहीं किये गये है। उक्त स्थिति में छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जबावदारी संस्थान की होगी।

12.छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र पृथक से https://paramedical.mponline.gov.in पर प्रदर्शित किये जाएंगे। जिसकी रंगीन प्रति छात्र द्वारा निकालकर अपने संस्थान से सत्यापित कराकर परीक्षा केन्द्र पर पहुचना होगा। शेष निर्देश प्रवेश पत्र में उल्लेख अनुसार पालन सुनिश्चित करें।

13.शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मुख्य परीक्षा तथा शैक्षणिक सत्र 2023-24 की पूरक परीक्षा का आयोजन अक्टूबर-नवंबर 2026 में किया जाना संभावित है। परीक्षा की समय-सारणी पृथक से जारी की जाएगी।

14.छात्र-छात्राओं को उत्तीर्ण होने हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षा में पृथक-पृथक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

15.अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को आयोजित होने वाली सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षा दोनों में उपस्थित होना अनिवार्य है।

16.परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिये परिषद के हेल्पडेस्क नंबर 9630021511 पर या परिषद की ईमेल आईडी mpparamedicalhelpdesk@gmail.com के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

21/8/26

डॉ. शैलेज जोशी
रजिस्ट्रार
मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद